कार्रवाई

शादी विवाद में हुई घटना, कोर्ट में पेश कर भेजा जेल

# सरपंच पति पर हमले के 6 आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत, परसवाड़ा।** विवाह समारोह में डांस के दौरान हुये मामूली विवाद के कारण सरपंच पति पर किया गया था प्राणघातक हमला ।थाना हट्टा पुलिस द्वारा 09 आरोपीगणों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में किया गया अपराध पंजीवद्ध। पुलिस अधीक्षक बालाघाट आदित्य मिश्रा ने थाना प्रभारी हट्टा को आरोपीगणों की शीघ्र गिरफ्तारी के संबंध दिये निर्देश।

हट्टा थाना पुलिस द्वारा घटना के 03 आरोपीगणों को दिनांक 16.04.26 को किया गिरफ्तार , शेष 06 आरोपियों को दिनांक 20.04 26 की रात्रि में ग्राम कोहकाडीबर से किया गया गिरफ्तार।

थाना हट्टा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 07/04/26 की रात्रि में ग्राम कोहकाडीबर में शादी कार्यक्रम में हुए विवाद में ग्राम कोहकाडीबर संरपंच पति अतीश लिल्हारे पर प्राणघातक हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल करने पर थाना हट्टा में 09 आरोपीगणों के विरूद्ध गंभीर धाराओं में अपराध पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के क्रम में उक्त घटना में शामिल 03 आरोपीगणों को पुलिस थाना हट्टा में दिनांक 16.04.26 को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त उघारी व लोहे की रॉड को जप्त किया जाकर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था जहां से आरोपीगणों को जिला जेल बालाघाट में निरूद्ध किया गया है। प्रकरण के फरार शेष 06 आरोपियों के संबंध में दिनांक 20.04 26 को थाना प्रभारी हट्टा उनि अविनाश सिंह राठौड को जरिये मुखबिर सूचना मिली थी शेष 06 सभी आरोपी ग्राम कोहकाडीबर में एक आरोपी के घर में एकत्रित है उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुये थाना प्रभारी हट्टा द्वारा ग्राम कोहकाडीबर से 06 आरोपीगणों को दिनांक 20.04.26 की रात्रि में गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त हथियार भी जप्त किये गये है। गिरफ्ताशुदा आरोपीगणों को आज दिनांक 21.04.26 को माननीय न्यायालय बालाघाट में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी हट्टा उप निरीक्षक अविनाश राठौड, प्र.आर. 774 निखिलेश अग्रिहोत्री, प्र.आर. 242 नंदकिशोर ठाकुर, प्रआर 941 द्वारिकानारायण दुबे प्रआर 1035 राजेश पटले, आर. 1527 गितेश परदेशी, आर.890 श्याम रावेट, आर. 58 विष्णु प्रताप, आर.405 भूमेश्वर आरमो, आर 92 राकेश पंचेश्वर, मआर 601 कविता खोब्रागढे, सै. 158 सुनील नगपुरे का सरहानीय योगदान रहा।

# हो रहा नवीन कृषकों से संपर्क

सदस्यता अभियान के तहत 54 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य

**नवभारत, बालाघाट।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट अंतर्गत 131 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में नवीन सदस्य बनाये जाने को लेकर महाअभियान प्रारंभ है। इस संबंध में 20 अप्रेल को मृणाल मीना कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक के मार्गदर्शन में बैंक मुख्यालय के माध्यम से अभिनव सिंह बघेल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसके बैंक बालाघाट द्वारा पी.जोशी प्रबंधक लेखा, राजेश नगपुरे प्र. प्रवास कक्ष, सारंग बिसेन, रौनक चैकसे, धनेन्द्र कटरे क्षेत्रीय अधिकारी, राजनंदनी परिहार स्थापना कक्ष एवं अमरेश परिहार इन्वेटरी मैनेजर की उपस्थिति में सदस्यता महाअभियान के संबंध में शाखा प्रबंधक, पर्यवक्षक, संस्था प्रबंधको मुख्य शाखा बालाघाट, वारासिवनी, लालबर्रा, खमरिया, रामपायली, खैरलांजी, लामता, बैहर, परसवाड़ा, भानेगांव, किरनापुर, लांजी, साडरा, बिरसा, कटंगी, तिरोड़ी के कर्मचारियों की वीसी के माध्यम से बैठक ली गई।



## नवीन सदस्य को शत प्रतिशत फार्म का करें वितरण

बघेल सीईओ ने निर्देशित किया कि समिति स्तर के कार्यक्षेत्र में आने वाले ऐसे ग्रामो के कृषक जो समिति के सदस्य नही है चिहिन्त कर उन्हे सर्वप्रथम फार्म का वितरण करे। समिति कर्मचारी वास्तविक सूची तैयार कर, दिए गए निर्देशों के अनुसार नवीन सदस्यता की कार्यवाही पूर्ण करे। ताकि किसानो को शासन के शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर प्राप्त होने वाले योजना का लाभ प्रदाय किया जा सके। बघेल ने बताया कि जिले की 131 समितियों को 54 हजार नवीन सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया गया है। जिसको लेकर समितियों के कर्मचारी ग्रामो में डोर टू डोर संपर्क में लगे है। उन्होने बताया कि सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक भोपाल द्वारा भी लगातार वीसी एवं पत्रों के माध्यम से दिशा निर्देश दिये जा रहे है। उन्होने नवीन कृषको से अपील की है कि वे समिति की सदस्यता ले ताकि उन्हे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। वीसी के माध्यम से भोपाल से जुड़े आर.सी. पटले संभागीय अधिकारी एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी ने कहा कि शाखा प्रबंधक सभी संस्था प्रबंधको के निरंतर संपर्क में रहे और नवीन सदस्यता अभियान के कृषको को दिशा निर्देश अनुसार सदस्यता दिलवाये।

### वीसी से नदारत, वेतन काटने के निर्देश

सदस्यता अभियान को लेकर बैंक मुख्यालय द्वारा आयोजित वीसी में शामिल नही होने को लेकर शाखा डोंगरमाली के शाखा प्रबंधक और पर्यवेक्षक का एक दिन का अवैतनिक करने तथा संस्था प्रबंधको के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर पी.जोशी प्रबंधक लेखा ने कहा कि सदस्यता अभियान को गंभीरता से लेते हुए दिए गए लक्ष्य के अनुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही पैक्स कम्प्यूटराईजेशन के अंतर्गत मूंन्यूअल बैंलेस शीट सहित अन्य बैंकिंग विषयों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए।



## तुगलकी फरमान पर तत्काल लगाया जाए प्रतिबंध

**नवभारत,जबलपुर।** हिन्दू धर्मसेना के द्वारा लेन्स कॉट के मालिक के द्वारा विवादित आदेश को लेकर कैंट थाना पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई कि लेन्स कॉट जारी किए गए फरमान पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। इस संबंध में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत ने बताया कि लेन्स कॉट के सभी प्रतिष्ठानों में तुगलकी फरमान जारी किया गया है जिसमें बताया गया है कि लेन्स कॉट के सभी प्रतिष्ठानों में हिन्दू कर्मचारी तिलक और कलावा बांधकर नहीं आएंगे। इस अवसर पर धर्मसेना के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कराटे प्रतियोगिता के लिए बालाघाट के खिलाड़ियों का चयन

**नवभारत, बालाघाट।** खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला कराटे प्रशिक्षण केंद्र में जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का एक दिवसीय आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता जिला इंडियन कराटे संघ के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें जिले सहित विभिन्न विकासखंडों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजेश पाठक उपस्थित रहे, जबकि समापन समारोह में मध्य प्रदेश पिछड़ा आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम बिसेन ने उपस्थिति दर्ज कराई। प्रतियोगिता का आयोजन जिला कराटे संघ के अध्यक्ष श्री तपेश असाटी के निर्देशन में किया गया। जिला कराटे प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन ने बताया कि प्रतियोगिता में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कराटे सेंटर के लगभग 25 खिलाड़ियों सहित कटंगी, मलाजखंड, किरनापुर और बेहर जैसे विकासखंडों से करीब 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका में जिला कराटे प्रशिक्षक सजिन्द्र कृष्णन के साथ श्री दिनेश कोरै, श्री रूपेन्द्र बनकर, सुश्री रूपल गौतम, खुशी मुनेश्वर, परेश कुथै, तनु वामनकर और जय श्री सोनवाने ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



मुलना स्टेडियम कराटे सेंटर के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सब-जूनियर और केडेट वर्ग में सर्वाधिक स्वर्ण एवं रजत पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शिवाय वासनिक, सीरत भगत, मानस अविनाशी, सत्यम बर्वे, आराध्य तिवारी, वंश लिल्लारे, अविका बघेल, त्विषा सोमनकर, आराध्या भागडकर, श्रुतकीर्ति छारी, सईद आहिल अली, केनिशा खजरे, कृति पटले, सांझ मोतीचूर, प्रियांश तिलासे, आदविक बोपचे, आदित्य राणा, करन चौधरी, मेघ बिसेन, विहान ऐलकर, समीर मोतीचूर, आरव साठे, आदर्श गुप्ता, तेजस्वी शर्मा और इसराख शेख शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी श्री राहुल बरेसा, जिला एथलेटिक संघ अध्यक्ष श्री नरेश धुवारे, आकाशवाणी बालाघाट से श्री धीरज, खेल प्रवक्ता श्री अजय ठाकुर, वरिष्ठ पीटीआई श्री कमल तिलासे, आलियाकन्हार क्लब के श्री शैलेंद्र यादव सहित खेल विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं।

# बोर्ड परीक्षा परिणाम की समीक्षा बैठक, उत्कृष्ट विद्यालयों का हुआ सम्मान

**नवभारत, बालाघाट।** जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों की समीक्षा के लिए 21 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए. के. उपाध्याय द्वारा किया गया, जो सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालाघाट के सभा कक्ष में संपन्न हुई। इसमें जिले के सभी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों एवं हाई स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित रहे।



बैठक में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की विस्तार से समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्?याय ने निर्देश दिए कि अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत द्वितीय परीक्षा में शामिल कराया जाए, ताकि उनके परिणाम में सुधार हो सके। इसके अलावा बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा हुई, जिनमें सामान्य मरम्मत सत्र 2022-24 एवं 2024-25, फर्नीचर सत्यापन, समग्र शिक्षा अभियान, पीएमश्री योजना, छात्र नामांकन, पाठ्यपुस्तक वितरण, नि:शुल्क साइकिल वितरण, पेंशन, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की वेतनवृद्धि, समेकित छात्रवृत्ति, बैंक खाते अपडेट करना, न्यायालय के आदेशों का पालन एवं शिक्षकों के स्वत्वों का समय पर भुगतान शामिल रहे। साथ ही 'जल गंगा संवर्धन' कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं और गतिविधियों के आयोजन के निर्देश भी दिए गए।

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया गया। कक्षा 10वीं में 100 प्रतिशत परिणाम देने वाले जिले के 71 विद्यालयों एवं कक्षा 12वीं में 20 विद्यालयों के प्राचार्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक का उद्देश्य जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना तथा आगामी परीक्षाओं में बेहतर परिणाम सुनिश्चित करना रहा।

# डॉ . बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण 26 को

▸ दामोदर यादव का होगा नांदी आगमन, फैजान ताज की कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित होगा




**नवभारत कटंगी 21 अप्रैल।** तहसील मुख्यालय कटंगी से 10 किलोमीटर दूर ग्राम नांदी में डॉ. बाबासाहब अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह मुख्य अतिथि दामोदर यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष दलित पिछड़ा आदिवासी संगठन, कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता डॉ. संजय खोबरागड़े जिला अध्यक्ष बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट, प्रमुख अतिथि इंजीनियर सत्येंद्र विद्रोही प्रदेश अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी, एड. सुरेंद्र बारमाटे प्रदेश महासचिव ऑल इंडिया समता सैनिक दल मध्य प्रदेश होंगे। विशेष अतिथि के रूप में अमित बंसोड़ प्रदेश महासचिव एएसपी, वीरेंद्र शिंदे प्रदेश महासचिव भीम आर्मी, रितेश बोरकर जिला अध्यक्ष भीम आर्मी बालाघाट, निलेश बौद्ध जिला अध्यक्ष एएसपी बालाघाट, संजय पाटिल ट्रस्टी शांतिवन चिचोली नागपुर, सौरभ लोधी प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी महासभा, कपिल मेश्राम सभापति नगर परिषद कटंगी, संजय शेंडे अध्यक्ष डॉ अंबेडकर जयंती समारोह कटंगी उपस्थित रहेंगे।

सांसद चंद्रशेखर आजाद के सहयोगी है दामोदर यादव आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोष वासनिक ने बताया कि अम्बेडकरी आंदोलन के योद्धा एड. चंद्रशेखर आजाद सांसद के प्रमुख सहयोगी ओबीसी नेता दामोदर यादव का बालाघाट की सरजमी नांदी में प्रथम मर्तबा आगमन हो रहा है।

दामोदर यादव उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर में डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने हेतु सतत संघर्ष कर रहे है। उनके मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

### रैली निकाली जाएगी

कार्यक्रम में प्रात 3 बजे रैली, 5 बजे डॉ. बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण और शाम 7 बजे मंचीय उद्बोधन होगा, जबकि रात्रि 10 बजे राष्ट्रीय प्रबोधनकार फैजान ताज की कव्वाली होगी। आयोजने समिति ने समस्त बौद्ध अनुयायियों से आह्वान किया है कि श्वेत वस्त्र में अधिक से अधिक तादाद में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# अभाब्राए परिषद ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**नवभारत, बालाघाट ।** ब्राह्मण समाज का सबसे बड़ा पर्व अक्षय तृतीया के शुभ अवसर में विगत 19 अप्रैल रविवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद जिला इकाई बालाघाट ने सांई समर्पण हाल बालाघाट के हाल में समस्त ब्राह्मण बन्धुओ , नन्हें-नन्हें बच्चो , वरिष्ठजनो , युवावो और मात्र-शक्तियों क़ी भारी उपस्तिथि में गरिमामयी महौल में सर्वे प्रथम श्री गणेश वंदना से कार्यक्रम प्रारंभ के पश्चात भगवान श्री परशुराम ज़ी का पूरे विधि विधान से जन्मोत्सव पूजन हवन कर आरती किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक बन्धुओ महिलाओं ने अपने आराध्य के सम्मान में जय परशुराम ज़ी के नारों का पुरे जोश उत्साह के साथ उद्घोष किया जिससे सारा वातावरण परशुराम मयी हो गया द्य फिर मधुर भजनों की प्रस्तुति बच्चों द्वारा की गई



इस प्रकटोत्स्व कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथियों में (सेवामुक्त महिला बाल विकास अधिकारी ) श्रीमती मंजू शुक्ला व विभाग सहायक अधि. श्रीमती मोहनी मिश्रा की उपस्तिथि में विष्णु सहत्रनाम पाठ , वाचन श्रीमती अल्पना शुक्ला यूजसी काले कानून पर चर्चा,बच्चो व महिलाओ के मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम (सामूहिक, एकल, भजन गीत, नृत्य, फेसी ड्रेस कार्यक्रम) आयोजित किये गए । इस कार्यक्रम को सम्पूर्ण सफलता पूर्वक करवाने में मुख्य भूमिका पूर्व उद्घोषका श्रीमती रानू त्रिवेदी और उद्घोषक पंडित राघवेंद्र मिश्रा ने निभाई ।

इस पावन अवसर पर सम्पूर्ण समाज व संगठन द्वारा अपनी पारंपरिक दायित्व को निभाते हुए आयोजन के जागरूक कर्मठ कार्यकर्ताओ को प्रतिभा एवं प्रतिभागियो को प्रशस्ति-पत्र व पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया गया । इसके आलावा संगठन व समाज के प्रति समर्पित जागरूक परिवारों को प्रभु श्री राम समृद्धि कलश का वितरण किया गया । तत- पश्चात् भगवान प्रशयुराम ज़ी के आदर्शो और उद्देशो पर चलने व चलते रहने का संकल्प करके प्रसाद व स्वल्पाहर का कार्यक्रम रखा गया ।

अंत में आभार प्रगट करते हुए रवि शंकर दुबे ने कहा कि जिला परिषद इकाई बालाघाट इस जन्मोत्सव अवसर पर पधारे हुए अतिथियो एवं सहयोग करने वाले को प्रणाम करती है । अपने सभी कार्य कर्ताओ, मातृशक्तियों,बच्चो, युवाओं, वरिष्ठजनो के सहयोग,व आस्था को नमन करती है साथ ही सांई समर्पण समिति को बहुत-बहुत साधुवाद देती है आभार प्रकट करती है ।

# हेमेन्द्र क्षीरसागर बने विश्व हिंदी परिषद के सदस्य, साहित्य जगत में हर्ष की लहर

**नवभारत, बालाघाट।** साहित्य, स्तंभ लेखन, पत्रकारिता और सामाजिक कार्यों में सक्रिय जिले के लेखक हेमेन्द्र क्षीरसागर को 'विश्व हिंदी परिषद' के सदस्य नियुक्त हुए है। उनकी इस नियुक्ति से न केवल बालाघाट बल्कि समूचे हिंदी सेवी, साहित्यिक जगत में खुशी की लहर है। विश्व हिंदी परिषद द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हेमेन्द्र क्षीरसागर ने कहा कि हिंदी भाषा को और अधिक सशक्त बनाना, इसके प्रचार-प्रसार के लिए निरंतर कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे परिषद के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने और हिंदी के गौरव को अक्षुण्ण रखने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास करेंगे।

प्रतिष्ठित, मां हिन्दी की उपासक, विश ?व हिन्?दी परिषद लोक मंगल और सर्वकल्याण की भावना से अनुप्रदित हिन्दी भाषा के साधकों को प्रोत्साहित कर भाषा के उन्नयन और अविरल गति से चलने के प्रयास से जुटी अपने प्रयोजन और उद्देश्य को पूरा कर रही है। इसका उद्देश्य हिन्दी को समाज सापेक्ष, व्यावहारिक, प्रकार्यात्मक, कामचलाऊ और साथ ही जीवंत हिन्दी को सिखाना है, क्योंकि मातृभाषा, अन्य भाषा, राजभाषा, राष्ट्रभाषा, संपर्क भाषा और अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में हिन्दी की विभिन्न भूमिका है।

हेमेन्द्र क्षीरसागर की इस उपलब्धि पर जिले के गणमान्य नागरिकों, पत्रकार, लेखक, साहित्यकारों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि श्री क्षीरसागर लंबे समय से विभिन्न समाचार पत्रों, पत्र-पत्रिकाओं में संपादकीय एवं स्तंभ लेखन और डिजिटल मीडिया के माध्यम से हिंदी के संवर्धन और सेवा में जुटे हुए हैं। उन्होंने इस महत्वपूर्ण सेवा के लिए आत्मीय आभार जताया।



# विपक्ष का महिला विरोधी चेहरा जनता के सामने आया : राजेश पाठक

**नवभारत, बालाघाट।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पंडित राजेश पाठक ने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए महिला आरक्षण बिल का समर्थन न कर विपक्ष ने देश की जनता के सामने अपना महिला विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह बिल महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन विपक्ष ने संकीर्ण राजनीति के चलते इसका विरोध कर महिलाओं के अधिकारों के प्रति अपनी उदासीनता स्पष्ट कर दी है। राजेश पाठक ने कहा कि भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। केन्द्र की भाजपा गठबंधन सरकार ने इस दिशा में ठोस पहल करते हुए महिला आरक्षण बिल को संसद में प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देना है। उन्होंने कहा कि यह बिल देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में शामिल करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।



उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब-जब महिलाओं के हित में कोई बड़ा निर्णय लिया जाता है, तब-तब विपक्ष अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने में लग जाता है। महिला आरक्षण जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषय पर भी विपक्ष ने राजनीति करने से बाज नहीं आया। इससे स्पष्ट होता है कि विपक्ष की कथनी और करनी में कितना बड़ा अंतर है। पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। चाहे वह उज्ज्वला योजना हो, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान हो या महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की योजनाएं—हर क्षेत्र में सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं।

# सेंट्रल स्कूल ऑफ स्कॉलर्स का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

▸ दसवीं की छात्रा चारु का बालाघाट जिले में तीसरा व विद्यालय में प्रथम स्थान

**नवभारत कंटगी 21 अप्रैल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा फरवरी 2026 में कक्षा 12वीं और 10वीं की परीक्षा आयोजित की गई थी 15 अप्रैल को परीक्षा परिणाम घोषित हुए परीक्षा परिणाम में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं द्वारा खुशियां मनाई गई।

कटंगी नगर के सेंट्रल स्कूल आफ स्कॉलर्स अंग्रेजी माध्यम तो यहां का कक्षा दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय की छात्रा चारु राहंगडाले ग्राम पंचायत कामठी निवासी द्वारा कक्षा दसवीं की परीक्षा दी गई थी जिसे 500 में 487 अंक प्राप्त हुए हैं और प्रतिशत 97.4 रहा। चारु का बालाघाट जिले की प्रावीण्य सूची में तीसरा स्थान है, वहीं विद्यालय में प्रथम स्थान पाया।



चारु राहंगडाले 97.4 %

अनुकृति पटले 95.2 %

दिव्या पटले 81.2%

## दूसरा स्थान अनुकृति ने हासिल किया

विद्यालय में दूसरा स्थान अनुकृति, तथा तीसरा स्थान दिव्या ने हासिल किया। विद्यालय की बात की जाए तो कक्षा दसवीं की छात्रा अनुकृति पटले ने 500 में 476 अंक प्राप्त कर 95.2 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसमें खास बात यह है कि गणित में 100 में 100 अंक मिले हैं। दिव्या पटले ने कक्षा दसवीं में 500 में 411 अंक प्राप्त कर 82.2 प्रतिशत अंक हासिल किए।

## परिश्रम ही सफलता की कुंजी है : प्रीति टेंभरे

प्राचार्य प्रीति टेंभरे, संचालक केएस टेंभरे और समस्त स्टाफ द्वारा बधाई दी गई। बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए विद्यालय की प्राचार्य प्रीति टेंभरे ने कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। आज अगर किसी बच्चे के नंबर कम आए हैं तो चिंता की कोई बात नहीं, फिर मेहनत करो अच्छे नंबर मिलेंगे। अच्छे नंबर आए तो आपके माता-पिता के साथ आपका और गुरुजनों का नाम होगा।